# दीघा से दीदारगंज के बीच 31 तक दौड़ेंगी गाड़ियां

## मंत्री ने कहा–शहर में बढ़ते यातायात दबाव में आएगी कमी, दीदारगंज तक 21 किलोमीटर लंबा होगा मार्ग

**जेपी गंगा पथ**

- राघोपुर के रास्ते उत्तर बिहार जाना हो जाएगा आसान
- पटना घाट से इस वर्ष जुड़ जाएगा जेपी गंगा पथ

जागरण संवाददाता, पटना सिटी : गंगा किनारे दीघा से कंगन घाट तक जेपी गंगा पथ पर वाहनों का परिचालन जारी है। आगामी 31 मार्च तक कंगन घाट से दीदारगंज तक गाड़ियां दौड़ने लगेंगी। इस तरह दीघा से दीदारगंज तक जेपी गंगा पथ की लंबाई 21 किलोमीटर हो जाएगी, जिससे पटना के पूर्वी तथा पश्चिमी भाग के बीच आवागमन सुगम हो जाएगा। ये बातें गुरुवार को पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने गुरुवार को जेपी गंगा पथ के अंतिम सेगमेंट का निरीक्षण करने के दौरान कही। उन्होंने कंगन घाट से दीदारगंज तक पांच किलोमीटर दूरी के जेपी गंगा पथ का जायजा लिया। उन्होंने कहा कि जेपी गंगा पथ इसी वर्ष पटना घाट के सम्पर्क पथ से भी जुड़ जाएगा।

पथ निर्माण मंत्री ने कहा कि कंगन घाट से दीदारगंज जेपी गंगा पथ का निर्माण कार्य 31 मार्च तक हर हाल में पूरा कर लिया जाएगा। इस मार्ग की महत्वपूर्ण बात यह है कि यह पथ एक तरफ जहां सारण को जोड़ने वाले जेपी सेतु से जुड़ रहा है तो दूसरी ओर दीदारगंज में सिक्स लेन ब्रिज के दूसरे छोर राघोपुर के रास्ते उत्तर बिहार से। इस पथ के प्रारंभ होने से उत्तर बिहार से पटना आने वाले लोगों को काफी सुविधा होगी। उन्होंने बताया कि अभी दीदारगंज से शहर में प्रवेश करने में वाहनों को एक से दो घंटे लग जाते हैं। पथ के प्रारंभ होने से काफी समय बचेगा। मंत्री ने बताया कि जेपी गंगा पथ को बीच-बीच में गायघाट, अशोक राजपथ, पीएमसीएच, गांधी मैदान, अटल पथ समेत कई स्थानों से जोड़ने के कारण राजधानी के यातायात दबा में कमी आएगी। निरीक्षण के दौरा बिहार राज्य पथ निर्माण निगम प्रबंध निदेशक शीर्षत कपिल अशोक अभियंता प्रमुख सुनील कुमार आ मौजूद थे।



जेपी गंगा पथ का निरीक्षण करते पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन व अधिकारी • जागरण

### जेपी गंगा पथ का कोईलवर और मोकामा तक विस्तार

पथ निर्माण मंत्री नितिन नवीन ने कहा कि बिहार की डबल इंजन सरकार विकास कार्यों को दोगुनी गति से कर रही है। दीघा से दीदारगंज तक आवागमन सुचारु होने के बाद विभाग जेपी गंगा पथ का दीघा से कोईलवर और दीदारगंज से मोकामा तक के बीच विस्तारीकरण और नई कनेक्विटी का कार्य करेगा। मंत्री ने बताया कि पूरे मार्ग को मुख्यमंत्री समग्र उद्यान योजना से जोड़ने की योजना है। जेपी गंगा पथ के दोनों ओर हरित क्षेत्र विकसित होगा।

### चौथे चरण में दीदारगंज तक पहुंचा जेपी गंगा पथ

मंत्री ने बताया कि वर्ष 2013 के 11 अक्टूबर को जेपी गंगा पथ की आधारशिला लोकनायक जयप्रकाश नारायण की जयंती पर रखी गई थी। वर्ष 2023 के 24 जून को दीघा से पीएमसीएच तक पहले चरण में आवागमन प्रारंभ किया गया। दूसरे चरण में वर्ष 2023 के 14 अगस्त को पीएमसीएच से गायघाट तक आवागमन शुरू किया गया। तीसरे चरण में वर्ष 2024 के 10 जुलाई को कंगन घाट तक आवागमन शुरू हुआ।